झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ



www.jharkhanddekho.com | वर्ष 01 • अंक 18 • दुमका • बुधवार, 19 जनवरी 2021 • पृष्ठ 6 | Email - Jharkhanddekho@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### ‘इंटक’ नए श्रम कानूनों के विरोध में राष्ट्रव्यापी ‘रथ यात्रा’ निकालेगी

**नयी दिल्ली।** इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस ने तीन केंद्रीय श्रम कानूनों को ‘श्रमिक विरोधी’ बताते हुए मंगलवार को कहा कि वह इसके विरोध में देशभर में ‘रथ यात्रा’ निकालेगी। इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक में संगठन के अध्यक्ष के एन त्रिपाठी ने कहा कि श्रम कानूनों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी ‘रथ यात्रा’ निकालने का प्रस्ताव है। इंटक ने एक बयान में कहा, ‘‘ऐसे कई मुद्दे हैं जिन पर सरकार को बदलाव करना होगा। तीन कृषि कानून बनाए गए। इसी तरह श्रमिक विरोधी तीन श्रम कानून भी बनाए गए।’’ त्रिपाठी ने दावा किया कि केंद्र सरकार श्रमिकों के हितों की उपेक्षा करते हुए 47 श्रम कानूनों को खत्म करते हुए चार श्रम संहिता लायी है। इससे श्रमिकों के अधिकारों का हनन होगा।

### रांची में 2 लाख लोगों को मिलेगा नि:शुल्क वाटर कनेक्शन

**रांची/एजेंसी।** नगर विकास विभाग की योजना के तहत जुडको (झारखंड अरबन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी) रूक्का डैम में 213 एमएलडी का नया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाएगा। यह डैम के पुराने 171 एमएलडी के बदले होगा। नया प्लांट बनने के बाद पुराने प्लांट को खत्म कर दिया जाएगा। इसके अलावा बूटी पहाड़ जलागार (रिजर्ववायर) की तर्ज पर मोरहाबादी स्थित बोड़ेया पहाड़ पर रिजर्ववायर बनाया जाएगा। इसको लेकर जल संसाधन विभाग एवं पेयजल विभाग का एनओसी मिल चुका है। काम अवार्ड किया जा चुका है। मार्च से काम शुरू हो जाएगा। फर्स्ट पेज में जो 14 जलमीनार बन रहे हैं, उसे 2021 में पूरा करना है। बाकी योजना जैसे ट्रीटमेंट प्लांट समेत अन्य दिसंबर 2023 तक पूरा करना है। ज्ञात हो कि रांची की आबादी लगातार बढ़ रही है। 2050 का प्लान को देखते हुए यह योजना बनी है।जुडको द्वारा किए जा रहे प्रथम फेज के काम के तहत सवा दो लाख घरों को इससे जोड़ा जाएगा। इसके तहत सवा दो लाख शहरी उपभोक्ताओं को निःशुल्क पानी का कनेक्शन दिया जाएगा। इसमें हिंदीपीढ़ी, अपर बाजार, बड़ा तालाब, किशोरगंज, पहाड़ी मंदिर, कांके रोड, पिस्का मोड़, पंडरा, रातू रोड, इटकी रोड, बजरा, हरमू क्षेत्र के उपभोक्ता को लाभ होगा। बाकी फेज का काम पूरा होने के बाद इसका दायर बढ़ाया जाएगा।

# न्यू इंडिया की ऐतिहासिक जीत

## भारतीय जांबाजों ने ऑस्ट्रेलिया के गाबा गढ़ पर लहराया तिरंगा

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

जोश हैजलवुड के 22वें ओवर की अंतिम गेंद जब बाउंड्री के पार पहुंची, तो यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा सीरीज का अंत ही नहीं था, भारतीय क्रिकेट के लिए एक नए युग की शुरुआत भी थी। सीरीज के इस आखिरी टेस्ट मैच में कुल 139 चौके लगे, लेकिन यह आखिरी चौका ऑस्ट्रेलिया का गुरूर तोड़ने का सबसे बड़ा स्टेटमेंट था। जिस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया पिछले 33 सालों में एक भी मुकाबला नहीं हारा, उसी मैदान पर न्यू इंडिया के जांबाजों ने उसे पटकनी दे दी। सीरीज का स्कोरलाइन भले ही 2-1 रहा, लेकिन यह जीत इससे कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि टीम इंडिया में करीब आधे खिलाड़ी ऐसे थे जिन्होंने शायद खुद भी सीरीज शुरू होने से पहले टीम में जगह मिलने की उम्मीद नहीं की हो। लेकिन मंगलवार को इन्हीं युवा तुर्कों ने ऑस्ट्रेलिया को पानी पिला दिया।

इस जीत का नायक किसी एक खिलाड़ी को नहीं माना जा सकता, क्योंकि जिसे जब मौका मिला, उसने तभी अपनी अहमियत साबित कर दी। सीरीज के पहले मैच में शुभमन गिल प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं थे, लेकिन आखिरी मैच के खत्म होते-होते वे भारतीय टीम के लिए सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। चौथे टेस्ट के पांचवें दिन जब रोहित शर्मा जल्दी आउट हो गए तो



एक बार तो यही लगा कि दबाव में कहीं बल्लेबाजी ढह न जाए। गिल ने पुजारा के साथ न केवल पारी को संभाला, बल्कि लगातार अपने स्ट्रोक्स खेलते रहे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को बता दिया कि वे मैच बचाने के लिए नहीं, बल्कि जीतने के लिए खेल रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में 5 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज भी पहले मैच में प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं थे, लेकिन वे सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बन कर उभरे। टेस्ट क्रिकेट में उनका सफर भले आंसुओं के साथ शुरू हुआ, लेकिन अंतिम तीन टेस्ट मैचों में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया को खून के आंसू पिला दिए। तीसरी पारी में सिराज के 5 विकेट भी शायद भारत को मैच जिता नहीं पाते यदि इससे पहले वाशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर ने लड़ने का जज्बा नहीं दिखाया होता। ऑस्ट्रेलिया के 339 के जवाब में 186 रन पर 5 विकेट खो चुकी भारतीय टीम हार की ओर बढ़ती दिख रही थी, लेकिन सुंदर और शार्दुल के जज्बे ने मुकाबले में केवल टीम इंडिया की वापसी ही नहीं कराई, बल्कि उसे जीत की राह पर लेकर आ गए।

अपना पहला टेस्ट खेल रहे सुंदर की बल्लेबाजी का अंदाज ऐसा था मानो वे 20-25 मुकाबलों का अनुभव लेकर मैदान पर उतरे हों। शार्दुल ठाकुर तो टीम में जसप्रीत बुमराह की जगह आए और अपनी फाइटिंग स्पिरिट से विराट कोहली की कमी पूरी करते नजर आए।

शतक लगाकर टीम को संभालना हो या गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करना। फील्डिंग सेट करनी हो या फिर बैटिंग ऑर्डर में तब्दीली। रहाणे ने सब कुछ शांत होकर किया। नतीजा सामने है... भारत लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीता है। यह जवाब है कि पिछली बार स्मिथ, वॉर्नर के बिना ऑस्ट्रेलिया तुक्के में नहीं हारा था। हमने हराया था। इस बार हमारे कुछ खिलाड़ी नहीं थे। लेकिन टीम पूरी थी। टीमवर्क पूरा था।

टीमें बैंच स्ट्रैंथ से बनती-बिगड़ती हैं। वेस्टइंडीज से लेकर ऑस्ट्रेलिया ने इसी बैंच स्ट्रैंथ के दम पर क्रिकेट की दुनिया पर राज किया। उम्मीद की जानी चाहिए कि 31 दिनों में भारतीय क्रिकेट ने जो दम दिखाया है वह जारी रहेगा और भारतीय फैंस को ऐसे कई मुकाम मिलेंगे।

### पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में कोहरे के बीच भीषण सड़क हादसा, 13 लोगों की मौत

**कोलकाता/एजेंसी।** कड़ाके की ठंड के बीच पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में मंगलवार-बुधवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। जलपाईगुड़ी के धूपगुड़ी इलाके में बीती रात एक वाहन हादसे में 13 लोगों के मारे जाने की सूचना मिली है। इसके अलावा इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया जा रहा है कि जलपाईगुड़ी के धूपगुड़ी में मंगलवार देर रात एक डंपर यहां के मयनातली के रास्ते कहीं जा रहा था। इसी दौरान लो विजिबिलिटी के चलते इस डंपर ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद डंपर पलट गया और इसकी चपेट में आने 13 लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, हादसे का शिकार हुए लोग किसी विवाह समारोह में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे।


## डंपर ने फुटपाथ पर सो रहे 20 लोगों को कुचला, 15 की मौत

**कोसांबा।**

गुजरात में बड़ा हादसा हुआ है। सूरत से 60 किमी दूर कोसांबा इलाके में डंपर ने 20 लोगों को कुचल दिया। इनमें से 15 की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि सभी मजदूर थे और राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ के रहने वाले थे। हादसा बीती रात किम-मांडवी रोड पर पालोडगाम के पास हुआ। फुटपाथ पर सो रहे लोगों पर डंपर चढ़ गया। 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। सूरत के सरकारी अस्पताल में इलाज के दौरान 3 और घायलों ने दम तोड़ दिया।



### मोदी ने जतायी संवेदना, मदद का किया ऐलान



» प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार रुपए की मदद का ऐलान किया है।

#### ● 10 मृतकों की पहचान

हादसे में मारे गए 15 लोगों में 10 की पहचान हो गई है। इनके नाम सफेसा फ्यूसय, शोभना, राकेश, दिलीप ठाकरा, नरेश बालू, विकेश महिदा, मुकेश महिदा, लीला मुकेश, मनीषा और चढ़ा बाल थे। हादसे में 2 साल की बच्ची और एक साल के बच्चे की भी मौत हो गई। वहीं 6 महीने की बच्ची की जान बच गई। वह मां-पिता के साथ सो रही थी। हादसे के बाद लाशों के ढेर के बीच बच्ची के रोने की आवाज सुनकर पुलिस ने उसे रेस्क्यू किया और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। बच्ची के मां-पिता की मौत हो गई।

#### ● ट्रैक्टर से टकराकर डंपर बेकाबू हो गया

पुलिस ने बताया कि डंपर गन्ना लदे ट्रैक्टर के टकरा गया। इसके बाद डंपर के ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया और डंपर फुटपाथ पर चढ़ गया। पुलिस ने डंपर के ड्राइवर और क्लीनर को गिरफ्तार कर लिया है।

## भारत ने भूटान को भेजा कोरोना वैक्सीन की 1.5 लाख डोज का 'पहला गिफ्ट'

**मुंबई/एजेंसी।**

भारत की तरफ से भूटान को एक गिफ्ट के तौर पर आज सुबह-सुबह कोरोना वायरस वैक्सीन कोविशील्ड के 1.5 लाख डोज भेजे गए हैं। ये वैक्सीन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बुधवार सुबह भूटान के थिम्फु के लिए रवाना की गईं। वैक्सीन बनाए जाने की शुरुआत में ही अमेरिका-ब्रिटेन जैसे विकसित देशों ने खूब सारी वैक्सीन की डोज अपने लिए मंगवा ली थीं, वहीं भारत ने अपने पड़ोसी देश को भी अपने साथ-साथ कोरोना वैक्सीन की सप्लाई शुरू कर दी है।

यहां एक बात ये ध्यान देने की है कि भारत में अभी वैक्सिनेशन अपने शुरुआती दौर में है, लेकिन फिर भी भारत ने अपने पड़ोसी देश की मदद करने का बड़ा कदम उठाया है। सूत्रों के मुताबिक आज ही ये सारी डोज थिम्फु पहुंच जाएंगी। बता दें कि भूटान पहला देश है, जिसे भारत की तरफ से कोरोना वायरस वैक्सीन तोहफे के रूप में दी जा रही है। ये कोविशील्ड वैक्सीन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बनाई हैं।



भारत और भूटान के बीच खास रिश्ते को ध्यान में रखते हुए भारत ने कोरोना काल में भी हर जरूरी सामान की सप्लाई को सुनिश्चित किया था। भारत ने अभी तक जरूरी दवाइयां, मेडिकल चीजें, पैरासिटामोल, हाइड्रोक्सीक्लोक्वीन, पीपीई किट, एन-95 मास्क, एक्स-रे मशीनें और टेस्ट किट। इन सामानों की कीमत करीब 2.8 करोड़ रुपये तक रही। भारत ने भूटान के साथ एक ट्रांसपोर्ट बबल एग्रीमेंट भी किया, ताकि दोनों देशों के बीच सुरक्षित हवाई यात्रा को सुनिश्चित किया जा सके।

### निजी अस्पताल व जांच केंद्र को 30 तक कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**रांची/एजेंसी।** राज्य के सभी निजी नर्सिंग होम, अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर को 30 जनवरी तक क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य सचिव डॉ. नितिन कुलकर्णी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बिना रजिस्ट्रेशन के कोई भी व्यक्ति या संस्थान किसी भी प्रकार का क्लिनिक, नर्सिंग होम, अस्पताल आदि का संचालन नहीं कर सकता है।

साथ ही सभी निजी क्लिनिक, नर्सिंग होम और अस्पताल को अपने संस्थान के पूछताछ केंद्र के समीप ही चिकित्सक का नाम, उनकी योग्यता, मेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रेशन नंबर और अस्पताल में दी जाने वाली सेवाओं का शुल्क हिंदी और अंग्रेज में प्रदर्शित करना है। आदेश में कहा है कि जो 30 जनवरी के बाद बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित होंगे, उन पर कानूनी कार्रवाई होगी।

#### ● 50 हजार से 5 लाख का जुर्माना

क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे चिकित्सकीय संस्थानों पर 50 हजार से पांच लाख रुपए तक का जुर्माना लग सकता है। पहली बार पकड़े जाने पर 50 हजार, दूसरी बार में दो लाख और उसके बाद पांच लाख जुर्माना का प्रावधान किया गया है। बताते चलें कि राज्य में अभी भी कई संस्थान बिना निबंधन के चल रहे हैं।

### गुड मॉर्निंग

पोता- दादा जी 80 साल की उम्र में भी आप दादी को डार्लिंग कहते हैं, इस प्यार का राज क्या है?

दादा- 20 साल पहले इनका नाम भूल गया था,

पोता- तो इसका क्या मतलब ?

दादा- आज तक पूछने की हिम्मत नहीं हुई, इसलिए डार्लिंग बोलता पड़ता है

### बिजनेस

**सेंसेक्स**

49,398.29 +834.02 (1.72%)

**निफ्टी**

14,521.15 +239.85 (1.68%)

### दैनिक पंचांग

तिथिः शुक्ल सप्तमी - 13:16:36 तक
मास अमांतः पौष
मास पूर्णिमांतः पौष
वारः बुधवार सम्वतः 2077
नक्षत्रः रेवती - 12:36:33 तक
योगः सिद्ध - 19:29:09 तक
करणः वणिज - 13:16:36 तक,

### मौसम

अधिकतम – 24°
न्यूनतम – 12°

सूर्योदयः 07:14:18
सूर्यास्तः 17:50:07





## संक्षिप्त समाचार

### पुनः मूल्यांकन को लेकर कुलपति से मिले छात्र



**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के छात्रों ने मंगलवार को कुलपति प्रो सोनाझरिया को आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से छात्रों ने स्नातक पार्ट थर्ड के परीक्षा 2020 के स्पेशल पेपर के ईवीएस विषय की परीक्षा पुनः मूल्यांकन करने का मांग किया। छात्रों ने कुलपति को बताया कि परीक्षा में सम्मलित अधिकांश परीक्षार्थी अनुतीर्ण हैं। जबकि छात्रों ने अन्य विषयों में अच्छे अंक से उत्तीर्ण है। छात्रों ने कुलपति को बताया कि पुराना कोर्स का स्पेशल पेपर का परीक्षा था। छात्रों ने भविष्य को देखते हुए पुनः मूल्यांकन करने का आग्रह कुलपति से किया। छात्रों में श्यामदेव हेम्ब्रम, ठाकुर हांसदा, जोसेफ बास्की, हरेंद्र हेम्ब्रम, जयदेव हांसदा, तनजीत मुर्मू, संतोष मरांडी, राजेंद्र मुर्मू, देवीशल मुर्मू आदि उपस्थित थे।

### कुलपति ने किया सूर्योदय पुस्तक का विमोचन



**दुमका।** हिन्दी भाषा मे संकलित काव्य संग्रह सूर्योदय का विमोचन सिदो कान्हू मुर्मू विवि दुमका के कुलपति प्रोफेसर डॉ सोनाझरिया मिंज ने किया। इस पुस्तक में कुल 91 कविताएं हैं। इसका संकलन संयुक्त रुप से संजय मरांडी व विनोद मुर्मू ने किया। इसके मुख्य कवियों में सबीना मुर्मू, महेन्द्र बेसरा, निर्मल मुर्मू सहित कुल 20 कवियों की रचनाएं हैं। मौके पर डीएस डब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ विनोद कुमार शर्मा, डॉ शम्भू कुमार सिंह, प्रो सत्यम कुमार व सिद्धोर हांसदा मौजूद थे .

### इलाज के अभाव में 22 वर्षीय निशा की मौत

**दुमका।** शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के पीनरगढ़िया निवासी 22 वर्षीय निशा सोरेन की मृत्यु अच्छा इलाज नहीं होने के कारण मंगलवार को हो गई. निशा के पिता वकील सोरेन के अनुसार उसने अपने बेटी की शादी इसी थाना के कुरूमटाड निवासी किस्टो फर मुर्मू के साथ 2 वर्ष पूर्व की थी.बेटी को अभी तक कोई बच्चा नहीं हुआ है. 4 दिसंबर 2020 को पत्नी के घर से बाहर जाने को लेकर पति पत्नी में विवाद हुआ था जिसके बाद रात में पति ने पत्नी को जला दिया था.उसे रामपुरहाट में इलाज के लिए भर्ती किया गया दूसरे दिन उसे पुनः मोहल पहाड़ी अस्पताल में इलाज के लिए रेफर कर दिया गया .कुछ दिन इलाज के बाद परिजन उसे घर लेकर चले गए .रानीश्वर थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव में उसका जड़ी बूटी का इलाज चल रहा था.मंगलवार को इलाज कराने के बाद वकील सोरेन उसे घर लेकर जैसे पहुंचा निशा ने दम तोड़ दिया .शिकारीपाड़ा पुलिस सूचना पाकर लाश को कब्जे में लेकर थाना ले आती है .समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं किया गया है पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी संजय सुमन सम्पर्क नहीं हो पाया है.

जिले के लिए राहत की खबर

### एक भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं

**दुमका।** उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि मंगलवार को एक भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित नहीं पाए गए हैं। अब तक दुमका जिला में कुल 1390 लोग कोरोना से संक्रमित हुए हैं। वर्तमान में कुल 11 कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज किया जा रहा है।उपायुक्त ने लोगों से अपील कि है कि बिना मास्क के घर से बाहर नहीं निकलें। अपने घर से अनावश्यक बाहर नहीं निकलें एवं अफवाहों से दूर रहें। स्वास्थ विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें, सामाजिक दूरी का पालन करें एवं हमेशा मास्क का उपयोग करें।

### सहायक अभियंता ने दिया 31 जनवरी तक कार्य पूरा करने का निर्देश



**दुमका।** रानीश्वर में विशेष प्रमंडल दुमका के सहायक अभियंता प्रमोद कुमार ने कनीय अभियंता राकेश कुमार के साथ प्रखंड सह अंचल कार्यालय के निर्माणाधीन भवन के कार्य की प्रगति का जायजा लिया। गौरतलब है कि बीते दिन डीडीसी डॉ, संजय कुमार सिंह ने यहां भवन निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की थीसमीक्षा के दौरान उन्होंने कार्यपालक अभियंता उदय कुमार सिंह को 31 जनवरी तक निर्माण कार्य पूर्ण करने को कहा था।उसी के आलोक में सहायक अभियंता ने यहां आकर साईट इंचार्ज को निर्धारित तिथि तक काम पूरा करने का निर्देश दिया है ।इससे पूर्व सहायक अभियंता ने दुमका प्रखंड अंतर्गत मसानजोड़ के धाजापाड़ा के फ्लावर वेली, एवं बिलकांदी पंचायत के तांतलोई के गरम जलकुंड का निरीक्षण किया।यहां एक हीलियम गैस प्लांट भी हैं ।सहायक अभियंता श्री कुमार ने बताया कि बिशेष प्रमंडल के माध्यम से यहां के ऐतिहासिक एवं मनोरम पर्यटन स्थलों का विकास कराया जायेगा ।

## सड़क कनेक्टिविटी को और बेहतर करने पर चर्चा

# शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



दुमका :समाहरणालय सभागार में झामुमो से दुमका विधायक बसंत सोरेन की अध्यक्षता में सड़क,पर्यटन क्षेत्र के विकास सहित कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में बैठक आयोजित की गयी।बैठक में डीआईजी सुदर्शन प्रसाद मंडल,उपायुक्त राजेश्वरी बी,पुलिस अधीक्षक अंबर लकड़ा एवं अन्य उपस्थित थे।बैठक में जिले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए शहरी क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।साथ ही बाजार क्षेत्रों में भी विधि व्यवस्था को बेहतर करने के लिए कैमरे लगाये जाएंगे। पहले से लगे सीसीटीवी के मेंटेनेंस का कार्य किया जाए। इसके लिए डीपीआर बनाकर आगे की कार्रवाई की जाए। स्थानीय लोगों की बिजली, सड़क से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की गई। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस प्रतिनियुक्त किये जायेंगे।जो ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने का कार्य करेंगे। शहर से सटे पर्यटन क्षेत्र के विकास पर विस्तृत चर्चा की गयी। सड़क कनेक्टिविटी को और बेहतर करने पर चर्चा की गयी।

## टीकाकरण के बाद कोविड नियमों का अनुपालन जरूरी

- **106 स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया वैक्सीन का टीका**

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



दुमका। उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कहा कि 16 जनवरी से कोरोना वैक्सीन अभियान की शुरुआत हुई। इसके अंतर्गत दुमका जिला में दो टीकाकरण केंद्र बनाए गए। आज फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 48 स्वास्थ्य कर्मियों एवं सीएचसी सरैयाहाट में 58 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया गया। कुल 106 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया गया।आज स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने भी वैक्सीन लिया। जिसमें सिविल सर्जन डॉ.अनंत कुमार झा, डीआईओ डॉ.रमेश कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों ने टीकाकरण कराया। उपायुक्त ने लोगों से किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है। साथ ही कहा स्वास्थ्य टीम पूरे अभियान पर नजर रखी हुई है। टीकाकरण के बाद भी कोविड नियमों का अनुपालन जरूरी है। अफवाहों से दूर रहें एवं सामाजिक दूरी का पालन करें एवं हमेशा मास्क का उपयोग करें।

## उपायुक्त ने कहा निश्चिन्त रहें आपकी समस्या होगी दूर



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**दुमका।** अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं को दूर करना ही जिला प्रशासन का संकल्प है। जिला प्रशासन के साथ साथ आमजनों को कदम से कदम मिलाकर चलना होगा।आमजनों के जीवन मे खुशहाली लाकर ही दुमका को एक बेहतर जिला बनाया जा सकता है।उक्त बातें उपायुक्त कक्ष में आयोजित जनता दरबार मे लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त राजेश्वरी बी ने कही।

उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से लोग अपनी समस्या लेकर पहुँचे थे।जिसमें मुख्यतः पेंशन,आवास से संबंधित मामले,राशन कार्ड से संबंधित मामले थे।प्राप्त शिकायतों के आलोक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवशयक निदेश दिए है और नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा है।

## तीन दिनों से चल रहा था फैमिली ड्रामा, बच्ची संग कैद दंपति को पुलिस ने कराया मुक्त

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



दुमका। उपराजधानी में तीन दिनों से चल रहा फैमिली ड्रामा पुलिस की पहल पर मंगलवार को समाप्त हुआ। मामला नगर थाना क्षेत्र के एलआईसी कॉलोनी का है। जहां डेढ माह के बच्ची एवं पत्नी संग युवक कमरे में कैद था। सूचना पर युवक के ससुराल वाले पटना से दुमका पहुंचे। युवक के ससुराल वालों ने घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी। मामले को लेकर नगर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार मौके पहुंचे। जहां युवक अपनी डेढ़ माह के बच्ची को बार-बार जान से मारने का धमकी देता नजर आया। युवक अपने घर अंदर से बंद कर रखा था। बाद में सूचना पर महिला थाना प्रभारी श्वेता कुमारी दल-बल के साथ पहुंची। महिला थाना प्रभारी के समझाने-बुझाने के बाद युवक माना और घर के अंदर से बाहर निकलने को राजी हुआ। युवक अजय दुबे मूलरूप से बिहार के पटना के बिहटा निवासी है। तीन दिनों से बिना-खाना पानी का बच्चे सहित दंपति था बंद। सूचना पर युवक के ससुराल वाले पटना से दुमका पहुंच समझाने का प्रयास किया। सुबह से युवक डेढ माह के बच्ची को पटक मार देने का युवक धमकी देता रहा। ससुराल वाले किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हो जाये, इसके लिए मान-मनौव्ल करने में जुटे रहे। यहां बता दें कि युवक पारिवारिक कलह के कारण इन दिनों तनाव में चल रहा था। मामले को लेकर ससुराल वाले पूरे सहमे हुए है। युवक का ससुर अजय उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2016 में बेटी की शादी अजय से किया था। दोनों से डेढ़ माह का बच्ची भी है। तीन दिन पहले पटना से अजय पत्नी व बच्चा सहित दुमका पहुंचा था। उसके बाद से खाना-पीना छोड़ घर में पत्नी व बच्चा संग कैद हो गया था। सूचना पर दुमका पहुंच घटना की जानकारी नगर थाना पुलिस को दिया। उन्होंने कहा कि पारिवार के सौतेले व्यवहार से क्षुब्ध अजय का मानसिक स्थिति ठिक नहीं है। वह अपनी बेटी और नतनी को वापस ले जायेगे। मामले में थाना प्रभारी श्वेता कुमारी ने बताया कि युवक मानसिक तनाव में है। युवक को मानसिक रूप से कांउसेलिंग की जरूरत है। यहां बता दें कि युवक नशे के लत का है शिकार है। हालांकि अब युवक की स्थिति सामान्य बताया जा रहा है। युवक ने पिता सहित परिवार पर उपेक्षा करने का आरोप लगया। महिला थाना पुलिस की रही सराहनीय प्रयास से दंपति का काउंसिल कर कैद से मुक्त कराया गया।

## बजरंग दल ने किया पुतला दहन तांडव वेबसीरीज़ के सभी पात्रों का

दुमका/संवाददाता।



टीन बाजार चौक में तांडव वेबसीरीज़ के सभी पात्रों का पुतला फूंका गया. जिसमें सैफ अली खान , अली अब्बास, मुहमद जीशान अयूब, गोहर खान सारा जेन डियास ओर अन्य सभी के द्वारा हिन्दू सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी ओर हिन्दू भावनाओ को ठेस पहुंचाने का काम किया है . दुमका जिला बजरंगदल के कार्यकर्ता के आवाहन पर हिन्दू समाज के

युवाओं ने इस वेब सीरीज का विरोध किया। जिला सह संयोजक बबलू मंडल ने कहा कि सरकार इस पर कड़ी करवाई करे , आये दिन ऐसे माध्यमो से हिन्दू धर्म का मजाक बनाया जाता है भारत मे हिन्दू समाज के सहिष्णु होने का फायदा अपने व्यापार में कभी बॉलीवुड कभी अमेजन प्राइम , नेटफ्लिक्स जैसे वेब सीरीज वाले करते रहते हैं जो बहुत ही निदनीय ओर अक्षम्य है।मोके पर विहिप के संपर्क प्रमुख गुड्डू , बजरंग दल के विभाग संयोजक ऋषिकेश , जिला संयोजक बबलू मंडल ,नगर संयोजक उत्तम , संतोष पाल ,विशाल गुप्ता ,कृष्णा कुमार, शशी सिंह, संदीप कुमार, रोशन राय, प्रतीक सिंह, संतोष मंडल आदि मौजूद थे .

## निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का अपील

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)

- **मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए 10 रुपया**



दुमका। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। मंदिर के निर्माण के लिए राम भक्तों का सहयोग लिया जा रहा है। इसके लिए संघ परिवार अभियान चला रही हैं। जिसकी शुरुआत मकर संक्रांति 15 जनवरी से हो गई हैं और यह अभियान माघ-पूर्णिमा तक जारी रहेगा। जामा प्रखंड के मोहुलबना पंचायत के सुगनीबाद में अभियान से संबंधित विषयों पर कार्यशाला और निधि समर्पण का उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित हुई। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बनने वाले भव्य मंदिर के लिए देश भर के राम भक्त का सहयोग लिया जाना है। इसके लिए कार्यकर्ता घर-घर जायेंगे। मंगलवार से से माघ-पूर्णिमा तक चलने वाले इस अभियान में विहिप के कार्यकर्ता देश के 5 लाख गांवों के 12 करोड़ परिवार से संपर्क कर उन्हें श्रीराम जन्मभूमि से सीधे जोड़कर रामत्व का प्रसार करेंगे। उन्होंने कहा कि देश की हर जाति, मत, पंथ, संप्रदाय के लोगों के सहयोग के साथ राम मंदिर वास्तव में एक राष्ट्र मंदिर का रूप लेगा। मौके पर आरएसएस के विभाग सह कार्यवाह प्रमोद ने राम सेवको को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के आहान पर समग्र हिन्दू समाज भव्य राम मंदिर के निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का अपील किया। रामभक्त अपने सामर्थ्य से सहयोग ''रामकाज'' में करे, हमें देश की हर चौखट तक पहुंचना हैं। मंदिर निर्माण में सहयोग के लिए 10 रुपया, सौ रुपये और हजार रुपये का कूपन रखा गया है। दो हजार रुपये से ज्यादा देने वाले को रसीद दिया जाएगा। मौके पर राजू पुजहर, सुरेश मुर्म, राजू झा, आनंद मांझी, शिवेंद्र जायसवाल, इन्द्रकांत यादव, दीपा कुमारी, भद्रैवश्रव मरीक, दर्शन हेंब्रम, राजीव पंजियारा, कैलाश मंडल, कालेश्वर लायक, बिंदु राउत, सुबोध कुमार, सुबोध, राजेश कुमार, आनंदी राउत, ममता देवी, कैलाश यादव आदि उपस्थित थे।

# शिक्षा परियोजना में सम्मान समारोह का आयोजन

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



- **शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले हुए सम्मानित**

दुमकाःझारखण्ड शिक्षा परियोजना दुमका की ओर से परियोजना कार्यालय सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले शिक्षकों, परियोजनाकर्मियों, शिक्षा विभाग के कर्मियों सहित सामाजिक कार्यकर्त्ताओं एवं पुस्तकालयकर्मियों को जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, दुमका पूनम कुमारी ने सम्मानित होने वाले अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमने अपने कार्यकाल में विभिन्न अवसरों पर क्षेत्र भ्रमण एवं विद्यालय निरीक्षण के दौरान बहुत सारे ऐसे लोगों को देखा, परखा जो पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कार्य दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं, जिनके प्रयास से शिक्षा विभाग आज बेहतर प्रदर्शन कर पा रहा है। जो लोग अच्छा कार्य कर रहे हैं, उनका सम्मान होना चाहिए ताकि उनको और भी अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिले। यही सोचकर हमने एक छोटा सा विनम्र प्रयास किया है, जो परंपरा आगे भी चलनी चाहिए। हमारी दृष्टि अच्छे शिक्षक, कार्यालय सहायक, कम्प्यूटर ऑपरेटर से लेकर रात्रि प्रहरी और अनुसेवक तक गई और हमने उनको भी सम्मान देने का प्रयास किया है। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी रविन्द्र कुमार के संयोजन में आयोजित उक्त सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाले कई अतिथियों ने अपने उद्गार व्यक्त किये जिसमें अजय कुमार गुप्ता पूर्व प्राचार्य जिला स्कूल, दुमका ने कहा कि हमने अपने विद्यालय को बेहतर बनाने का हर संभव प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप हमारे विद्यालय में वर्ष 2017 में दसवीं बोर्ड का छात्र स्टेट टॉपर बना। साथ ही पहले जिला स्कूल में छात्राओं का नामांकन नहीं होता था, हमने अपने कार्यकाल यह प्रयास भी किया और सफलता मिली जिसमें शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारियों का सकारात्मक सहयोग मिला। प्रभारी प्राचार्य, जिला स्कूल, दुमका दिलीप कुमार झा ने कहा कि पूर्व प्राचार्य के योगदान को आगे बढ़ाते हुए हम अपने विद्यालय को राज्य स्तरीय बनायेंगे, यह हमारा संकल्प है। अभी तक विद्यालय के विकास के लिए हम जो भी कर पाए हैं, उसमें जिला शिक्षा पदाधिकारी महोदया का बड़ा योगदान रहा है। इसी कड़ी में उच्च विद्यालय सरैयाहाट के प्रभारी प्रधानाध्यापक विरेन्द्र कुमार ने भी अपने विद्यालय से जुड़ा अपना अनुभव साझा किया। इस कड़ी में सम्मानित होने वाले और भी कई अतिथियों एवं कर्मियों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस सम्मान समारोह में सम्मानित होने वालों में दिवाकर महतो, सेवानिवृत सम्मानित शिक्षक, अजय कुमार गुप्ता, सेवानिवृत प्राचार्य, प्लस टू जिला स्कूल, दुमका, दिलीप कुमार झा, प्रभारी प्राचार्य, प्लस टू जिला स्कूल, दुमका, सुमंत कुमार, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, विरेन्द्र कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक, दयामय मित्रा, कुमिरदाहा, रानीश्वर, शैलेश कुमार मिश्रा, शिक्षक, दुमका, अशोक सिंह, जनमत शोध संस्थान, अजित कुमार पाठक, रिसोर्स शिक्षक, दुमका सनातन सोरेन, लिपिक, समीर घोष, शिशिर कुमार घोष, महेन्द्र प्रसाद साह, शिक्षक, विनय कुमार, शिक्षक, विजय कुमार दूबे, जिला सचिव, अपरेश गण, मो. नैयर होदा, मो. शाहनवाज, शान्तम भारद्वाज, संतोष महतो, महेश हेम्ब्रम, दीनू राउत, अनुसेवक, विनोद राउत, अशोक साह, फोटोग्राफर आदि प्रमुख थे। इस अवसर पर झारखण्ड शिक्षा परियोजना, दुमका के सुबल चन्द्र कपूर, मिनी टुडू, श्याम सुंदर मोदक सहित सभी परियोजनाकर्मी एवं शिक्षा से जुड़े जिले के कई महत्वपूर्ण व्यक्ति उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पिरामल स्वास्थ्य संस्था के द्वारा 14 हजार एन 95 मास्क उपलब्ध कराया गया



**पाकुड़।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी को पिरामल स्वास्थ्य संस्था के के द्वारा 14 हजार एन 95 मास्क उपलब्ध कराया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक के द्वारा बताया गया कि उक्त मास्क जिला के जमीनी स्तर पर कार्यरत कोरोना योद्धाओं के लिए पिरामल स्वास्थ्य की ओर से उपलब्ध कराया गया है। उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के माध्यम से उक्त मास्क एएनएम सहिया तथा आंगनबाड़ी कर्मियों को उपलब्ध कराया जाएगा। कोरोना से बचाव से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से आमजनों को जागरूक किया जा रहा है।

### एसपी के निर्देश पर महिलाओं के बीच कम्बल वितरित

**हिरणपुर(पाकुड़)।** पुलिस अधीक्षक मणिलाल मण्डल के निर्देश पर सोमवार देरशाम बागशिशा में पुलिस ने गरीब लोगों के बीच कम्बल वितरण किया। थाना प्रभारी अमित कुमार ने गांव के तीन महिलाओं के बीच कम्बल वितरण किया। बताते चले कि बागशिशा गांव में बीते रविवार को लुखी मुनि बेवा की मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजित कुमार विमल के द्वारा पर्यवेक्षण किया गया था। जिसमें पीड़िता की गरीबी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी अमित कुमार तिवारी को तत्काल कम्बल वितरण करने का निर्देश दिया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि गांव के पीड़िता सहित अन्य तीन गरीब महिलाओं के बीच कम्बल का वितरण किया गया।

### 6 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

**अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।** जेएसएलपीएस कार्यालय के सभागार में जोहार परियोजना के अंतर्गत आजीविका पशु सखी को आधारशिला का छः दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में राज्य प्रशिक्षक महावीर भगत ने प्रशिक्षुओं को उत्पादक समूह के सदस्यों को बकरी पालन एवं मुर्गी पालन के लिए प्रशिक्षित करने के विभिन्न तरीका एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण में प्रखंड परियोजना पदधिकारी राजेश कुमार के द्वारा जोहार परियोजना से मिलने वाले लाभ यथा बकरी, मुर्गी सेड निर्माण, दवा, दाना ×खर्च, अजोला टैंक निर्माण, बकरी, बकरा एवं मुर्गी खरीद हेतु मिलने वाली राशि की जानकारी दिया गया। मौके पर बीपीएम प्रदीप कुमार, वायपी सुमित कुमार, जोनल प्रोजेक्ट मैनेजर पंकज झा, एफटीसी अतिकुल शेख एवं सीएलएम मौजूद थे।

### बरहेट ने फरक्का टीम को हराकर फाइनल में पहुँचे

**हिरणपुर (पाकुड़)।** बजरंगबली कमिटी द्वारा जबरदहा स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट के सेमी फाइनल मुकाबले में मंगलवार को बरहेट ने फरक्का को तीन विकेट से हराया। 20 ओवर की इस प्रतियोगिता में टास्क जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे फरक्का टीम ने 7 विकेट खोकर 217 रन बनाया। वही इसके जवाब में बरहेट टीम ने 7 विकेट खोकर 218 रन बनाकर विजय हासिल किया। कमिटी के उत्तम साहा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी बुधवार को आजाद स्पोर्टिंग क्लब कमलघाटी व स्टार क्लब हिरणपुर के बीच दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला होगा। 24 जनवरी को फाइनल खेल होगी। इसमे विजेता व उप विजेता को शील्ड व कप देकर पुरस्कृत किया जाएगा। इस खेल के सफल संचालन में कमिटी के अध्यक्ष राजकुमार बागति, विपिन यादव, संजय गुप्ता, संजय साहा आदि की सक्रिय भूमिका रही।

### पुलिस ने अज्ञात शव की किया बरामद



**पाकुड़।** लिट्टीपाड़ा के सिंगलोम ओपी क्षेत्र के धर्मपुर डाकबंगला के समीप एक डोभा से मंगलवार को पुलिस ने एक अज्ञात शव को बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार डाकबंगला से डोभा में सुबह ग्रामीणो को एक अधेड़ व्यक्ति की लाश नदी में तैरते देखा। ग्रामीणों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सहित पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुच कर लाश को डोभा से बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने बताया अज्ञात शव डोभा से बरामद किया गया है। उन्होंने बताया लाश की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पाकुड़ भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र में अनियमित आपूर्ति से ग्रामीण आक्रोशित

**पाकुड़।** पाकुडिया प्रखंड में विगत कुछ हफ्तों से पाकुड ग्रीड से बिजली की कम आपूर्ति के कारण प्रखंड के सभी 148 गांवों में इन दिनों बिजली की स्थिति पूरी तरह से चरमरा गई है । जिस कारण हर फीडर को तीन तीन घंटे काटकर बिजली दी जा रही है जिससे आम जनो सहित छोटे मोटे कुटीर उद्योग चलनेवाले ब्यवसाइयों, अस्पतालों, बूथ संचालकों आदि को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के मुताबिक बिगत दो सप्ताह से यह परेशानी सामने आई है। इस भीषण ठंढ़ में बिन बिजली घरों के उम्रदराज लोगो को भी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी दिन भर में घंटों प्रखंड वासियों को घंटों पावर कट का सामना करना पड़ा जिससे लोग काफी ब्याकुल दिखे। इधर इस बाबत तालवा सब स्टेशन कर्मियों ने बताया कि ग्रीड से पाकुडिया को मात्र डेढ़ मेगावाट बिजली उपलब्ध कराई जा रही है जबकि यहाँ जरूरत साढ़े पांच मेगावाट की है । जिस कारण सभी चार फीडरों में बारी बारी से बिजली दी जा रही है। उन्होंने बताया कि ऊपर से फूल लोड बिजली मिलते ही प्रखंड को निर्बाध विद्युत आपूर्ति शुरू कर दी जायेगी। बहरहाल वर्तमान लचर आपूर्ति ब्यवस्था से उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी देखी गई । उपभोक्ताओं ने अविलंब बिजली ब्यवस्था में सुधार करते हुए प्रखंड को फूल लोड बिजली देने की मांग उच्चाधिकारियों से की है। ताकि इसका लाभ आम जनो को मिल सके।

# परिवहन नियमों की अनदेखी करने वालों पर करें कार्रवाई

- सड़क सुरक्षा समिति की उपायुक्त ने की बैठक, सक्रियता से वाहन जांच अभियान चलाने का दिया निर्देश
- बाइक पर तीन सवारी बैठे रहने पर सख्त कार्रवाई करने का दिया निर्देश



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की। मौके पर पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल, उप विकास आयुक्त अनमोल कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉक्टर रामदेव पासवान उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की क्रमवार समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष गर्ग से इस माह की गई कार्रवाई के संदर्भ में जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि इस माह अब तक एक लाख 30 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया है। उपायुक्त ने ओवरलोड एवं कोविड झ19 को लेकर परिवहन विभाग द्वारा जारी गाइड लाइन का अनुपालन नहीं करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं बड़े वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष फोकस करने को कहा। नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलाने व नियम के तहत कार्रवाई करने को कहा। समीक्षा क्रम में पिछली बैठक में दिए गए निर्देश के अनुसार चिन्हित स्थलों पर साइन बोर्ड लगा दिया गया है। उपायुक्त ने सड़क दुर्घाटना के बाद वाहन चालक का ड्राइविंग लाइसेंस रद करने के लिए मामले के अनुसंधान पुलिस अधिकारी को अनुशंसा करने की बात कहीं। उपायुक्त ने कहा कि जिले के अंदर समस्त दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर दुर्घटनाएं रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। इस बाबत पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल ने डीएसपी मुख्यालय को सभी थाना प्रभारियों को पत्र लिख इसका अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने वाहन जांच अभियान के तहत ब्रेथ एनलाइसेस मशीन टीम को उपलब्ध कराने का डीटीओ को निर्देश दिया। मौके पर , कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद गंगाराम ठाकुर, सोशल मीडिया प्रचार अधिकारी पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## गठबंधन की सरकार में जिले के साथ पूरे राज्य में विकास की गंगा बह रहीः मंत्री



(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री सह पाकुड़ विधानसभा विधायक आलमगीर आलम तथा राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हंसदा ने जिला परिषद आनबद्धू निधि मद से पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत मालगोदाम रोड स्थित तीन मुहनी से सैतान खाना आर ई ओ रोड तक प्राक्लित राशि 29,534 लाख एवं मालगोदाम रोड स्थित पुराने पीसीसी पथ से तीन मुहानी तक पीसीसी पथ निर्माण का कार्य का शिलान्यास किया गया. मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि गठबंधन की सरकार में जिले ही नहीं पूरे राज्य में विकास की गंगा बह रही है। हेमंत सोरेन हर गांव को सड़क से जोड़ना चाहते हैं। इससे जहां गांव का विकास होगा वहीं रोजगार के नये-नये अवसर भी युवाओं को मिलेगा। शिलान्यास के मौके पर मंत्री ने ग्रामीणों से बात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने कहा कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। सड़क के शिलान्यस के मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण और पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे। मौके विधायक प्रतिनिधि देवू विश्वास, शाहीन परवेज, संतु चौधरी, सैफ आलम, कबीबुर रहमान, झामुमो के नेता समेत अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## बीडीओ की समीक्षा बैठक, दिया आवश्यक दिशा निर्देश



(झारखण्ड देखो/ प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** लिट्टीपाड़ा प्रखंड के सभागार में बीडीओ संजय कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं कनीय अभियंताओ के सप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में बीडीओ ने प्रखंड में चल रहे कल्याणकारी योजना मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, 14वें वित्त व 15वें वित्त आयोग का समीक्षा किया गया। साथ ही कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही सभी पंचायत सेवक व रोजगार सेवकों को मनरेगा कार्य मे तेजी लाते हुए मजदूरो का डिमांड बढ़ाने एवं मनरेगा कार्यो में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वही प्रखंड क्षेत्र में अधूरे पड़े आंगनबाड़ी केंद्रों को पांच दिनों के अंदर पूर्ण करते हुए नए आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य प्रारंभ कर लेवर डिमांड देने का निर्देश दिया। रिजेक्टड ट्रांजैक्शन से संबंधित मजदूरों का बैंक खाता संख्या एवं आधार को मरेगा सोफ्ट में सही-सही प्रविष्टि करा कर पुनः भुगतान कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजनाओं का पंचायत वार समीक्षा किया गया । लंबित पड़े वित्त वर्ष 2016-17 से 2020-21 तक के सभी आवासों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया । बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मानिक दास, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी केसी दास, सहायक अभियंता साइमन हेंब्रम कनीय अभियंता विजय कुमार रविदास सहित सभी पंचायतों के पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# गृह जिला स्थानांतरण की मांग को लेकर सांसद विजय हांसदा को सौंपा ज्ञापन

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



**पाकुड़।** एकीकृत गृह जिला स्थानांतरण शिक्षक संघ के द्वारा गृह जिला स्थानांतरण की मांग को लेकर राजमहल लोकसभा क्षेत्र के झामुमो सांसद विजय हांसदा को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के प्रदेश प्रभारी दिलीप कुमार राय एवं विनोद कुमार सिंह के द्वारा सांसद विजय हांसदा को ज्ञापन सौंपते हुए निवेदन किया गया कि हम प्राथमिक शिक्षकों को एक बार गृह जिला जाने का अवसर दिया जाए साथ ही निवेदन किया गया कि एक बार हम शिक्षकों से माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से वार्ता के लिए समय दिलाने का भी आग्रह किया गया। सांसद महोदय को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि काउंसिलिंग में विसंगति के कारण प्राथमिक शिक्षकों की नियुक्ति अपने गृह जिले से चार पांच सौ किलोमीटर दूर दूसरे जिले में हो गई । पूर्व में प्रावधान था कि सेवाकाल के दौरान एक बार गृह जिला स्थानांतरण का अवसर दिया जाएगा लेकिन नई नियमावली में इसे विलोपित कर दिए जाने के कारण प्राथमिक शिक्षक घर से दूर बहुत ही विकट परिस्थिति में काम करने को विवश हैं अगर शिक्षकों को गृह जिला स्थानांतरण कर दिया जाता है तो झारखंड प्रदेश के हजारों बच्चों को लाभ मिलेगा साथ ही सरकार पर कोई वित्तीय बोझ नहीं पड़ेगा। सांसद महोदय ने कहा कि आपकी समस्याओं से माननीय मुख्यमंत्री महोदय को अवगत कराया जाएगा। आप सभी धेर्य रखें आप सभी के समस्याओं का समाधान होगा। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव, जिला सचिव समद अली, जिला उपाध्यक्ष अजिजुल इस्लाम, जिला प्रवक्ता शाहिद इकबाल, एथलेटेक्स संघ के अध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, वंशराज गोप, तनवीर अली, मुसलोउद्दीन शेख, शिक्षक निखिल मंडल, अविनाश पंडित, विजय सिंह, रियाजुद्दीन अंसारी, कोनिका टूडु समेत अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

पाकुड़/संवाददाता।

- हिरणपुर प्रखंड के धोवाडाँगा एंव पाडेरकोला ग्राम में हुआ आयोजन

हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत धोवाडाँगा ग्राम में मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पाकुड़ द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम लोगों को जागरूक किया गया। सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आसान शब्दों में बताया गया। नाट्क के माध्यम से टीम के सदस्यों ने कोविड झ 19, शिक्षा के अधिकार, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत योजना, डायन प्रथा के विरोध में जागरूक किया। विभिन्न योजनाओं से संबंधित संदेशों को नाट्य - गीत के माध्यम से मंचन किया।

## ट्रक के कुचलने से वृद्ध महिला का मौत, आक्रोषित ग्रामीणों ने 505 बौरा मैदा लुटा

**पाकुड़।** जिले के महेशपुर थाना क्षेत्र अंतगर्त डुमरघाटी साफाराम के ट्रक के कुचने से वृद्ध महिला छमी सौरेन 65 वर्ष का मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मैदा से लदा ट्रक भागलपुर से महेशपुर के रास्ते पश्चिम बंगाल के रघुनाथगंज जा रहा था। इसी दौरान डुमलघाटी साफाराम के पास बाइक चालक को बचाने के दौरान सड़क किनारे रिस्तेदार के यहाँ पैदल जा रहे वृद्ध महिला को कुचल दिया। जिससे ट्रक सड़क किनारे पलट गया। इस घटना में 65 वर्षिय वृद्ध महिला छमी सौरेन का मौत हो गया। उधर आक्रोषित ग्रामीणों ने पलटे ट्रक में लदे 505 बौरी मैदा लुट लिया गया। साथ ही ट्रक के ड्राईवर को पकड़ कर जमकर धुनाई कर दिया। हलाकी चौकीदार ने ट्रक ड्राईवर की जान बचाई । ड्राईवर का इलाज महेशपुर अस्पताल में जारी है। घटना की सुचना महेशपुर पुलिस को मिलते ही पुअनि पुनित गौतम, एके मिज, अयोध्या सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज कर मामले की छानवीन में जुटी है।

# बीडीओ ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस, लीगल सर्विस एम्पावरमेंट कैम्प के संबंध में एंव मनरेगा, आवास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)

**पाकुड़।** मंगलवार को अमड़ापाड़ा प्रखंड सभागार भवन में प्रखंड विकास पदाधिकारी निशा कुमारी सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस, लीगल सर्विस एम्पावरमेंट कैम्प के संबंध में एंव मनरेगा, आवास से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई, और संबंधित कर्मियों को जरूरी निर्देश दिया



- **लीगल सर्विस एम्पावरमेंट कैम्प**

बीडीओ द्वारा बताया गया कि दिनांक 30.01.2021 को प्रखंड में लीगल सर्विस एम्पावरमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इसके सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु आवशयक दिशा निदेश दिया।

- **राष्ट्रीय मतदाता दिवस**

प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा निदेश दिया गया।

- **आवास योजना**

प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा सभी पंचायतों का प्रधानमंत्री आवास, अम्बेडकर आवास, इंदिरा आवास, बिरसा आवास वित्तीय वर्ष की समीक्षा की गई एवं वित्तीय वर्षवार आवास पूर्ण करने का लक्षय दिया गया। सभी पंचायत सचिव को निर्धारित लक्षय को निर्धारित समयावधि पूर्ण कराने का निदेश दिया गया।

- **मनरेगा**

सभी पंचायत सचिव एवं ग्राम रोजगार सेवक को दीदी बाड़ी योजना अंतर्गत खरछढर से प्राप्त योजना के वेरिफिकेशन का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराते हुए ड्डल्लॅड्डल्लॅ कराने का निदेश दिया गया। सभी पंचायत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाते हुए रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन को दो दिनों में खत्म करने का निदेश दिया गया।

- **14/15वें वित्त आयोग**

सभी पंचायत सचिव को 14वें वित्त मद से क्रियान्वित सभी योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निदेश दिया गया साथ ही माह दिसम्बर का 15वें वित्त मद में व्यय की गई राशि का मासिक प्रगति प्रतिवेदन जमा करने का निदेश दिया गया। मौके पर प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सभी पंचायत सचिव, सभी जनसेवक, ग्राम रोजगार सेवक आदि उपस्थित थें।

# उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों के साथ बैठक

## उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग, झारखंड शिक्षा परियोजना एवं साक्षरता,पीएमजी ,दिशा, छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण एवं कल्याण विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न।

(झारखण्ड देखो/ प्रतिनिधि)



गिरिडीह। समाहरणालय सभागार कक्ष में उपायुक्त की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग, झारखंड शिक्षा परियोजना एवं साक्षरता, पीएमजी ,दिशा, छात्रवृत्ति, साइकिल वितरण एवं कल्याण विभाग से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा एजेंडावार सभी बिंदुओं पर विचार विमर्श करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सभी शिक्षक विद्यालय में ससमय उपस्थित हो। सभी बीआरपी समय समय पर विद्यालयों का औचक निरीक्षण करें।

### ● डीजी साथ कार्यक्रम एवं लिर्नेटिक ऐप

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि डीजी साथ एवं लिर्नेटिक ऐप कक्षा 9 एवं कक्षा 11 के लिए है। ऑनलाइन क्लास एवं डिजिटल रूप से छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से कार्य होने चाहिए। उन्होंने कहा कि डीजी साथ कार्यक्रम एवं लिर्नेटिक ऐप के अंतर्गत सप्ताहिक ऑनलाइन क्विज कार्यक्रम में प्रत्येक विद्यालय से अधिकतम बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि बीआरसी समन्वयक बच्चों के अभिभावकों से संपर्क स्थापित कर डीजी साथ कार्यक्रम एवं लिर्नेटिक ऐप की जानकारी बच्चों सहित उनके अभिभावकों को दें तथा ज्यादा से ज्यादा संख्या में छात्र छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें। इस दौरान संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि लक्ष्य के अनुरूप कार्य में प्रगति लाते हुए रजिस्ट्रेशन को शत-प्रतिशत पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत एसीआर कार्य में किसी भी प्रकार की अनियमितता/कोताही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जो भी एसीआरअधूरे हैं उन्हें अतिशीघ्र पूर्ण करें। सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो या सुनिश्चित करें तथा निर्माण कार्य में जो भी सामग्री की उपयोगिता हो वो सही मापदंड का हो। उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ऐसे मामले की सघन समीक्षा करें तथा संबंधित प्राचार्य/शिक्षकों से समन्वय स्थापित कर अधूरे कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करें।

### ● विद्यालयों में शौचालय पेयजल एवं विद्युतीकरण की उपलब्धता तथा शिशु पंजी अद्यतीकरण 2021 एवं हाउसहोल्ड सर्वे की समीक्षा।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि जिले के जिन विद्यालयों में शौचालय पेयजल एवं विद्युतीकरण की उपलब्धता नहीं है उन्हें चिन्हित करते हुए जल्द से जल्द सभी विद्यालयों में शत प्रतिशत शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता, तथा बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करें। ताकि विद्यालयों में आने वाले छात्र-छात्राओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उपायुक्त ने कहा कि इस बात का खास ध्यान रखें कि विद्यालय परिसर में ही शौचालय एवं पेयजल की आपूर्ति हो। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने शिशु पंजी की समीक्षा करते हुए कहा कि कोविड-19 के दौरान जो बच्चे छूटे हुए हैं उनका सूची अविलंब तैयार करें तथा शिक्षकों के माध्यम से हाउस होल्ड सर्वे कराना सुनिश्चित करें।

### ● मध्यान भोजन एवं ई विद्या वाहिनी, अग्रिम समायोजन की समीक्षा।

उपायुक्त ने कहा कि सभी विद्यालयों में योग्य छात्र छात्राओं को मध्यान भोजन की राशि ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। साथ ही मध्यान भोजन के लिए राशन का वितरण ससमय करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों को दी जाने वाली चावल एवं अन्य की गुणवत्ता की जांच करते हुए उसका वितरण करें। साथ ही साफ सफाई का ध्यान रखें। इसके अलावा उपायुक्त ने अग्रिम समायोजन की समीक्षा करते हुए कहा कि बचे हुए राशि का उपयोग विद्यालयों में साफ-सफाई, बेंच एवं डेस्क की उपलब्धता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि ई विद्या वाहिनी पोर्टल पर प्रविष्टि करना सुनिश्चित करें।

### ● छात्रवृति एवं साइकिल वितरण

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम साइकिल वितरण एवं छात्रवृत्ति की समीक्षा करते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजना के तहत गिरिडीह जिले के सभी चिन्हित विद्यालयों में योग्य छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की जांच हेतु एक कमेटी गठित की गई है। जांच कमेटी के द्वारा नियमित रूप से विद्यालयों का भौतिक सत्यापन करते हुए योग्य छात्र छात्राओं का जरूरी दस्तावेज, बैंक डिटेल सहित उपस्थिति, आधार कार्ड, यू-डाईस एवं अन्य की जांच सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही योग्य छात्र छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति को लेकर सारी व्यवस्थाएं पूरी कराई जा रही है। ताकि जिले के सभी योग्य छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि योग्यता के साथ योग्य छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाए। साथ ही जिले के सभी शेष योग्य छात्रवृति लाभुकों को छात्रवृति योजना से आच्छादित करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि सभी छूटे छात्र-छात्राओं की आधार सीडिंग का कार्य जल्द कराएं। किसी भी छात्र-छात्राओं की राशि आधार सीडिंग के अभाव में विलंब नहीं होनी चाहिए। साथ ही छात्र छात्राओं को दी जाने वाली साइकिल की राशि ससमय मिले यह भी सुनिश्चित करें। साथ ही सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन विद्यार्थियों ने साइकिल की राशि मिलने के पश्चात साइकिल खरीदी है या नहीं खरीदी है इसका रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थ विद्यालयों के शिक्षकों को आधार सीडिंग का कार्य लक्ष्य के रूप में दें ताकि कार्य को पूर्ण किया जा सकें।

### ● प्रखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि सभी प्रखंडों में निर्धारित समय के अनुसार सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम करें तथा उक्त कार्यक्रम में प्रखंड स्तर पर आ रही दिक्कतों को अपने स्तर से निष्पादन करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने सत्र 2021-22 हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में नामांकन की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया।

बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला कल्याण पदाधिकारी, एडीपीओ, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, बीपीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 3 सदस्यीय निरीक्षण दल ने किया सरिया कॉलेज का निरीक्षण



(झारखण्ड देखो/ प्रतिनिधि)

**सरिया( गिरिडीह)**। मंगलवार को सरिया कॉलेज सरिया में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के 3 सदस्यीय निरीक्षण दल ने दौरा किया ' इस टीम के समन्वयक डॉ पीसी देवरिया ,सामाजिक विज्ञान के संकायाध्यक्ष डॉ जनार्दन भगत एवं इतिहास विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ फ्रांसिस्का का कुजूर उपस्थित थे। टीम ने कॉलेज पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब स्मार्ट क्लास,शिक्षक सदन, छात्रा सदन समेत कई कागजातों का निरीक्षण किया। बताते चलें कि नए सत्र से सरिया कॉलेज में भूगोल, दर्शनशास्त्र एवं खोरठा विषय नवसंबंधन समेत इतिहास और अर्थशास्त्र विषय के स्थाई संबंध हेतू निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम ने कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं प्रशंसा की उन्होंने कहा कि इस तरह की सुविधाएं अन्य कॉलेजों में देखने को नहीं मिलती है। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल, डॉ विनीता सिन्हा, प्रोअरुण कुमार ,प्रो रघुनंदन हजाम, डॉ सतीश कुमार वर्मा ,प्रो आरके मिश्रा, डॉआलोक कुमार समेत सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे।

## आदिवासियों की नहीं अपने परिवार की हेमंत ने की चिता

पीरटांड़/संवाददाता।




भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा का सम्मेलन मंगलवार को पीरटांड़ प्रखंड के मांझीडीह स्थित विद्यालय में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी उपस्थित थे। आदिवासी समाज के लोगों ने मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर पूर्व सीएम का स्वागत किया। आदिवासी भाषा में संबोधित कर बाबूलाल मरांडी ने आदिवासियों के दुख-दर्द से अवगत हुए और कहा कि आनेवाले दिनों में अगर भाजपा की सरकार बनी तो पीरटांड़ प्रखंड पर विशेष ध्यान रहेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से आदिवासियों ने अपना वोट झामुमो को दिए, हेमंत सरकार उनकी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकी। आदिवासियों के बजाय केवल अपने परिवार के विकास की चिता में मुख्यमंत्री लगे रहे। पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्रीत्व काल में झारखंड ने विकास की ओर जोरों से अंगड़ाई लिया था। उनके समय में जो विकास अधूरा थम गया था, उसे हमने पूरा किया। अल्प समय में उन्होंने विकास की लंबी लकीर खिची थी। अध्यक्षता अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष रंजीत मरांडी व संचालन सिकंदर हेंब्रम व शरत भक्त ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रभारी बालमुकुंद सहाय, जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, दिनेश यादव, नूनूलाल मरांडी, सुरेश साव, चुन्नूकान्त, श्याम प्रसाद, अम्बुज मदक, दीपक स्वर्णकार, नरेंद्र राम, मुकेश मंडल, गोपाल विश्वकर्मा, संतोष राणा आदि मौजूद थे.वंही धनबाद से गिरिडीह जाने के क्रम में मंगलवार को इसरी बाजार एवं वनांचल चौक डुमरी में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मरांडी ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। अभी इसरी बाजार में भी एक लापता बच्चे की गुत्थी नहीं सुलझ पाई है। वह बच्चे की अति शीघ्र बरामदगी की मांग करते हैं नहीं तो सरकार सीआइडी से जांच कराए और बच्चे के मां-बाप को राहत पहुंचाने का काम करे। मौके पर भाजपा नेता प्रदीप साहू, प्रशांत जायसवाल, जीवाधन महतो, निर्मल जायसवाल, अंजू सोनी, बबीता जायसवाल, पिटू भदानी, हराधन पंडित, तारकेश्वर राम आदि उपस्थित थे। बाबूलाल ने इस मौके पर डुमरी में अधिवक्ता भवन का उद्घाटन किया। उनके साथ बार एसोसिएशन के सचिव चुन्नूकांत भी थे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व मुख्यमंत्री का किया गया भव्य स्वागत




**डुमरी/गिरिडीह**। डुमरी वनांचल चौक पर निरसा से लौटने के दौरान ईसरी बाजार व डुमरी चौक मे जोर दार स्वागत भाजपा कार्यकताओ ने किया। वहीं डुमरी अनुमंडल परिसर में अधिवक्ता भवन का उदधाटन विधिवत पूर्ण किया गया। वहीं डुमरी चौक में पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का जोरदार स्वागत भी किया गया। पार्टी नेता प्रशांत जयसवाल तथा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत ढोल नगाड़े के साथ किया। वहीं डुमरी के अधिवक्ता ईन्द्रजित जयसवाल सचिव अशोक जैन तथा लल्लू जैन ने सॉल देकर स्वागत किया। गिरिडीह अधिवक्ता चुन्नूकांत ने बुके देकर सम्मानित किए। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिवक्ता कार्यालय प्रभारी वासुदेव यादव, लालू जैन,अशोक कुमार जैन, गिरिडीह अधिवक्ता कामेश्वर यादव, विपिन यादव, विजय कुमार, मुकेश शर्मा सच्चिदानंद शर्मा ,अमर पाण्डेय ,गणेश पाण्डेय और काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### झारखंड में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं : बाबूलाल मरांडी

**गिरिडीह**। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी के समक्ष ही उनके गृह जिले गिरिडीह में पार्टी के खस्ताहाल का दर्द वरिष्ठ नेताओं में हुआ। नेताओं ने अपने दर्द का इजहार करते हुए कहा कि जिस गिरिडीह जिले से कभी तीन-तीन मंत्री हुआ करते थे, वहां मुश्किल से इस बार पार्टी का खाता खुला। नेताओं के दर्द को सुनने के बाद बाबूलाल ने कई टिप्स दिए और कहा कि इस पर यदि कार्यकर्ता अमल करें तो जिले की सभी छह विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा।बाबूलाल ने कई कहानियां सुनाकर मंच की अव्यवस्था को लेकर जिलाध्यक्ष महादेव दुबे की मीठी खिचाई की।इस मौके पर गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र पांडेय ने कहा कि जनसंघ के समय से गिरिडीह गढ़ रहा है। आज गिरिडीह में झामुमो का विधायक होना सबसे कष्ट दायक है। गिरिडीह में पार्टी की खस्ताहाल पर उन्होंने चिता जताई।गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी ने कहा कि दो सांसद व चार विधायक देनेवाले गिरिडीह में हम कैसे पिछड़ गए, यह मंथन करने की जरूरत है। हेमंत सरकार पर झूठी घोषणा करने का आरोप लगाया। गांडेय के पूर्व विधायक प्रो. जयप्रकाश वर्मा ने बाबूलाल को फिर से मुख्यमंत्री बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने की अपील की। प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा ने कहा कि बाबूलाल के नेतृत्व में ही झारखंड का विकास संभव है। गुटबाजी की चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा को विपक्ष नहीं बल्कि भाजपा के ही लोग हराते हैं। इससे हमें बचना चाहिए।

### भारतीय जीवन बीमा निगम देश की आर्थिक रीढ़ है- धर्म प्रकाश

● भारतीय जीवन बीमा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया मास्क वितरण



**गिरिडीह**। बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह शाखा इकाई के द्वारा बीमा राष्ट्रीयकरण दिवस के अवसर पर एलआईसी गेट पर 500 मास्क वितरण किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि 19 जनवरी 1956 को 154 भारतीय निजी बीमा कंपनी, 16 विदेशी निजी बीमा कंपनी तथा 75 भविष्य निधि समितियों को अधिग्रहण करने का तत्कालीन केंद्र सरकार ने अध्यादेश जारी किया था। उन तमाम कंपनियों को मिलाकर भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना की गई। एलआईसी अपने स्थापना काल 1 सितंबर 1956 से अभी तक विकास की कई सीढ़ियां पार कर भारत की नंबर वन वित्तीय संस्था बन गई। कर्मचारियों, अधिकारियों, विकास अधिकारियों एवं अभी कर्ताओं के कठिन परिश्रम के बदौलत एलआईसी पॉलिसी धारकों की संख्या के आधार पर विश्व में प्रथम स्थान बना ली है। इतना ही नहीं भारतीय जीवन बीमा निगम ग्राहकों के छोटे-छोटे बच्चों को संग्रह कर देश की आधारभूत संरचना जैसे रेलवे, सड़क, बिजली, पेयजल, सिंचाई आदि के विकास में अपना अहम योगदान देते आ रही है। वर्तमान की केंद्र सरकार ऐसे उत्कृष्ट वित्तीय संस्था का आईपीओ के माध्यम से निजीकरण करने का मन बना ली है। अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ केंद्र सरकार के इस कदम का पुरजोर विरोध कर रही है। चूंकि जो संस्था देश का आर्थिक रीढ़ है वैसे संस्था का निजीकरण करना देश हित में नहीं है।

कार्यक्रम में मंडली अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता ,शाखा अध्यक्ष संजय शर्मा ,उपाध्यक्ष संहिता सरकार एवं डेनियल मरांडी, संयुक्त सचिव अनुराग मुर्मू, विजय कुमार तथा राजेश कुमार उपाध्याय , संगठन सचिव उमा नाथ झा, सुनील कुमार वर्मा तथा दीपक कुमार पासवान ,कोषाध्यक्ष श्वेता कुमारी, कुमकुम बाला वर्मा, विनय कुमार, रोशन कुमार ,अभय कुमार ,अंजलि श्वेता ,देवनाथ दास, सबा परवीन, गौरव सिंह, सुकृति कुमारी ,नीरज कुमार सिंह , प्रवीण हंस दा, कुलजीत कुमार रवि, नीतीश कुमार गुप्ता, प्रीतम कुमार, पंकज कुमार, संजय कुमार शर्मा ,श्वेता, माहेश्वरी वर्मा ,अरविंद मुर्मू , प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## टीका लगाने के बाद बालक की मौत

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



**पीरटांड़**। खसरा व टेटनस का टीका लगाने के बाद सोमवार की रात एक बच्चे की मौत हो गई। घटना विशुनपुर पंचायत के खेताडाबर गांव की है। विधायक से इसकी शिकायत करने के बाद बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ विनय प्रकाश तिग्गा, जिला स्वास्थ्य समिति के डीएलओ कालीचरण मुर्मू सहित कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और स्वजनों को ढांढस बंधाया। पदाधिकारियों ने इस मामले की जांच कर दोषी एएनएम पर कार्रवाई करने का भरोसा दिया।खेताडाबर निवासी श्रीधर सिंह की बेटी मधु देवी की ढाई माह के इकलौते पुत्र की मौत रात में इलाज के लिए गिरिडीह ले जाने के क्रम में हो गई। सोमवार को ही गांव में लगे टीकाकरण शिविर में उस बच्चे को पेंटा नामक सूई पड़ी थी। इसके दो-तीन घंटे के बाद बच्चे की तबीयत खराब होने लगी थी। एएनएम नूतन कुमारी के नेतृत्व में लगे शिविर में दस बच्चों को विभिन्न तरह की दवा व सुई दी गई थी। उम्र के हिसाब से उस बच्चे को भी पेंटा सूई दी गई। मृतक के नाना श्रीधर सिंह ने बताया कि सूई पड़ने के दो घंटे के बाद बच्चा को बुखार आ गया। घर वालों ने सोचा कि सूई पड़ने के बाद बुखार आना सामान्य बात है। जब रात में तबीयत अधिक बिगड़ गई तब उसे गिरिडीह ले जाया जा रहा था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई। स्वजनों का आरोप है कि एएनएम ने सूई देने में गड़बड़ी की है। इसी वजह से बच्चे की मौत हो गई, जबकि पीरटांड़ सीएचसी प्रभारी डॉक्टर प्रमोद कुमार ने कहा कि बच्चे की मौत हुई है। जो सूई सबको पड़ी, वही सूई उस बच्चे को भी दी गई थी। जांच के लिए सभी सैंपल जब्त किए गए हैं। सैंपल जांच के लिए कोलकाता लैब भेजा जाएगा।बहरहाल, घटना से पूरा परिवार टूट गया है। बच्चे की मौत ननिहाल में होने से बच्चे के नाना-नानी आदि काफी परेशान हैं। बच्चे का अपना घर बिहार के चकाई में है। खास बात यह है कि मधु देवी की पहले एक पुत्री है। काफी दिनों के बाद पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। उसे मायके में इसलिए रखा गया था कि यहां जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहेंगे, लेकिन हुआ कुछ और। घटना के बाद से ही मृत बच्चे की मां, नानी, नाना सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। चकाई से भी कुछ लोग यहां पहुंच चुके हैं।जांच को पहुंचे अधिकारियों के साथ पंचायत समिति सदस्य तीर्थनाथ सिंह, अनूप राय, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर कालीचरण मुर्मू, विनय सिंह आदि थे।

# अभियंताओं ने कई गांवों का किया दौरा

(झारखण्ड देखो/प्रतिनिधि)



दुमकाःकनाडा डैम के नाम से मशहूर मसानजोड़ डैम के अधीन मयूराक्षी बयां तट मुख्य नहर से रबी एवं गरमा धान फसल के तीसरे किस्त की पटवन जारी हैं।सोमवार को यहां नहर से तीसरे किस्त की पटवन सेवा शुरू की गई हैं ।मंगलवार को सिंचाई प्रमंडल दुमका के अभियंताओं द्वारा सिंचाई बिभाग के कर्मचारियों के साथ दुमका प्रखंड के रानिबहाल, देवानबाड़ी,कठालडीहा के साथ रानीश्वर प्रखंड के सादीपुर, किस्टपुर, हैकिगतपुर ,निमबनी, जयपाहाड़ी ,कुमीरदहा, रांगालिया ,लाकराघाटी मौजा का सघन दौरा कर पटवन कार्य का जायजा लिया गया.मौके पर किसानों से बिचार विमर्श किया गया .किसानों से जानने का प्रयास किया गया कि पटवन में उन्हें कोई दिक्कत तो नहीं हो रहीकिसानों ने बताया कि शहर से मिल रही पटवन की सुविधा से वे बहुत खुश हैं, पहले पटवन के अभाव में फसल खराब हो जाती थीकनीय अभियंता अमरजीत रजक ने बताया कि एम एल बी सी से यहां रबी एवं गरमा फसल में दो हजार हेक्टेयर जमीन को सिंचाई उपलब्ध कराने का लक्ष्य हैं ।वही खरीफ फसल में आठ हजार एक सो हेक्टेयर जमीन को पटवन उपलब्ध होती हैं ।केंद्र सरकार के कमांड एरिया डेवलपमेंट योजना के तहत यहां एक सो नब्बे किलो मीटर ग्राम नाला का पक्कीकरण कराया गया हैं ।साथ ही बिभाग द्वारा मुख्य नहर के बीस किलो मीटर लंबाई केनाल का भी पक्कीकरण करा लिया गया हैं ।यहां मुख्य नहर से 20 जून तक पटवन उपलब्ध कराया जायेगा ।अभियंताओ के निरीक्षण के समय कई किसानों को अपना खेत मे पटवन करते देखा गया।सादीपुर में राजू खयरा एवं कृष्ण बागति अपने धान के बिचड़ा में पानी पटा रहा था ।राजू ने बताया हैं कि जून महीना के अंतिम सप्ताह तक पटवन उपलब्ध होगी जानकर वह दो हेक्टेयर में गरमा धान रोपनी की तैयारी शुरु कर दिया हैं ।अभियंताओ की टीम में अनूप कुमार, रवि रंजन, सुरेंद्र सोरेन मौजूद थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### विशनपुर विस्थापितों के पुनर्व्यस्थापन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

● अमड़ापाड़ा अंचल के विशनपुर का मामला



**पाकुड़।** अमड़ापाड़ा अंचल के मौजा नंबर 11 के मौजा विशनपुर में विस्थापित होने वाले ग्रामीणों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यस्थापन को लेकर मंगलवार को उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने बैठक की।बैठक में सांसद विजय हांसदा, पुलिस अधीक्षक मणिलाल मंडल, अपर समाहर्ता मो.शाहीद अख्तर, एसडीओ प्रभात कुमार, डब्ल्यू बी पी डी सीएल के निदेशक, बी जी आर के निदेशक* समेत अन्य उपस्थित थे। इस बैठक में पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड* द्वारा विस्थापित होने वाले रैयतों को मिलने वाली मुआवजा राशि जो पारिवारिक स्तर, सामुदायिक स्तर पर होगी की जानकारी दी। साथ ही सी.एस. आर. के तहत किये जाने वाले कार्यों से भी सदस्यों को अवगत कराया।उपायुक्त ने सभी विस्थापितों को पुनर्वास एवं पुनर्व्यस्थापन के तहत सभी सुविधा मुहैया कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। सांसद विजय हांसदा ने भी कंपनी प्रतिनिधि एवं समिति सदस्यों के समक्ष अपनी बात रखी।

### प्लस टू विद्यालय मैं सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक हुई संपन्न

**पाकुड़।** पाकुड़िया प्लस टू उच्च विद्यालय सभागार में विधालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जलेश्वर साह की अध्यक्षता में सामाजिक दूरी का पालन करते हुए सम्पन्न हुई। गुरुगोष्ठी में बीईईओ श्री साह द्वारा विद्यालयों के मध्याह्न भोजन प्रतिपूर्ति



राशि एवं चावल वितरण की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि विभागीय निर्देश के आलोक में प्रखंड के सभी विद्यालयों द्वारा चावल एवं राशि का वितरण कर दिया गया है। शिक्षकों को निर्देश दिया गया है कि मध्याह्न भोजन से संबंधित सभी खातों को अद्यतन कर लें। समीक्षा के दौरान शिक्षकों से स्कूल किट वितरण, यूनिफार्म, छात्रबृत्ति वितरण आदि की जानकारी ली गई। वहीं डीजी साथ कार्यक्रम के तहत साप्ताहिक क्विज, डीजी स्कूल एप्प आदि की भी समीक्षा की गई। निदेशक प्राथमिक शिक्षा झारखंड सरकार के निर्देश के आलोक में सभी विद्यालयों में वर्ग एक से आठ का मध्याविधि मूल्यांकन आयोजित करने संवंधी सूचना एवं निर्देश दिया गया। विभागीय कैलेंडर के अनुसार एक से आठ तक के बच्चों का मध्याविधि मूल्यांकन हेतु बच्चों को प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। मौके पर सभी विद्यालयों के प्रधान शिक्षक उपस्थित थे।

### पाकुड़िया बीडीओ ने किया प्रखंड में चल रहे योजना का समीक्षा

**पाकुड़।** पाकुडिया प्रखंड सभागार में मंगलवार को मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास, दीदी बाड़ी सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा बैठक बीड़ीओ मिथिलेश कु चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की लक्षय के विरुद्ध उपलब्धि की पंचायतवार समीक्षा की गई । हर योजना में महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का भी कड़ा निर्देश दिया गया । पंचायतों में प्रतिदिन मानव दिवस सृजित कर 200 मजदूरों को सुनिश्चित रोजगार देने, अधूरे आवासों को अविलंब पूरा करने का भी कड़ा निर्देश दिया। आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस सभी मतदान केंद्रों में आयोजित करने का निर्देश दिया गया। दीदी बाड़ी के कार्य के एवज में भुगतान की समीक्षा की गई। साथ ही अधूरे पड़े प्रधानमंत्री आवासों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना, नाडेप, सोख्ता गढ्ढा, नीलाम्बर पीताम्बर योजना, मनरेगा योजनाओं सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा कर कार्यों में तेजी लाते हुए सभी योजनाओं को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीओ, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव आदि अन्य मौजूद थे।

## उपायुक्त ने नव निर्मित दुग्ध प्लांट, अनुमंडल पुलिस कार्यालय, प्रखण्ड, अंचल व थाना का किया औचक निरीक्षण



देवघर/संवाददाता।

मंगलवार 19 जनवरी को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने प्रखण्ड कार्यालय, सारठ का निरीक्षण कर कार्यालय कर्मियों की उपस्थिति पंजी, कैशबुक, राजस्व व अन्य पंजियों की अद्यतन स्थिति से अवगत हुई। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया कि सभी पूरानी योजनाओं के कार्यो को जल्द से जल्द पूर्ण करें। विशेष रूप से बुजूर्गों हेतु शुरू की गयी मुख्यमंत्री राज्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने अंचल कार्यालय में एवं प्रखण्ड कार्यालय में पदस्थापित कार्यालय सहायकों से बातचीत कर कार्य एवं दायित्वों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का निर्देश दिया।

● **गुणवतापूर्ण तरीके से तय समय पर कार्यो को करें पूर्ण**

इसके अलावे उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने सारठ प्रखण्ड अन्तर्गत निर्माणाधीन मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने गोपीबांध स्थित 50 हजार लीटर क्षमता वाले दुग्ध प्लांट के कार्यों को गुणवतापूर्ण तरीके से तय समय पर पूर्ण करने का निदेश दिया। साथ हीं परिसर के अंदर सौंदर्यीकरण कार्यो के अलावा हरा-भरा रखने के उद्देश्य से फलदार पेड़-पौधे लगाने का निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया।

इसके अलावा निरीक्षण के क्रम मे उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री निर्माणाधीन प्लांट के अंदर चल रहे कार्यों के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए। साथ हीं उपस्थित प्लांट के अधिकारियों व संबंधित एजेंसी को सख्त शब्दों में निदेशित किया कि सभी कार्यों को तय समय पर पूर्ण करते हुए कार्यों की वास्तुस्थिति से उपायुक्त कार्यालय को अवगत करायें।

● **साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता आवश्यक**

इसके अलावे उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सारठ अनुमंडल पुलिस कार्यालय व सारठ थाना का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ हीं अनुमंडल कार्यालय परिसर में बागवानी व वृक्षारोपन के साथ सारठ थाना परिसर के अस्थायी चहारदिवारी को स्थायी रूप से चहारदिवारी बनवाने का निदेश संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी को दिया।

## सांसद को डीसी - एसपी ने सौंपा पलाश उत्पादों का कीट बैग

● **जिले की महिलाएं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से हो रही लाभान्वित**

● **महिलाएं हो रही है आत्म निर्भर और आर्थिक रूप से समृद्ध**

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)




**पाकुड़।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी मणिलाल मंडल ने सांसद विजय हांसदा को स्थानीय महिलाओं (दीदीओं) द्वारा पलाश ब्रांड के तहत निर्मित कीट बैग सौंपा। मौके पर सांसद विजय हांसदा ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। कहा कि जिले की महिलाएं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित हो रही है। यह देख मन प्रसन्न हो रहा है। ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से समृद्ध हो रही है। स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा पुरूष एवं महिलाएं लाभान्वित हो इसके लिए जिला प्रशासन को लगातार प्रयास जारी रखने को कहा। मौके पर डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि पलाश ब्रांड के तहत महिला समूह बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्हें विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। महिलाएं रहड़ दाल, सरसों तेल,चना एवं मक्का सत्तु,अगरबत्ती व अन्य सामग्रियों का उत्पादन एवं पैकेजिंग कर बाजार में पलाश ब्रांड के तहत आपूर्ति कर रही है। जिले की दीदीओं द्वारा निर्मित पलाश ब्रांड के तहत विभिन्न सामग्रियों की एक किट स्थानीय सांसद को भेंट की गई।

## तांडव करने वाले की नगरी में हुआ तांडव का विरोध

देवघर।




आज स्थानीय वीर कुंवर सिंह चौक पर क्रीड़ा भारती के द्वारा वेब सीरीज तांडव के निर्देशक अली अब्बास जफर , प्रोड्यूसर हिमांशु कृष्ण मेहरा, लेखक गौरव सोलंकी और हेड इंडिया ओरिजिनल कंटेंट अमेजन के अपर्णा पुरोहित का पुतला दहन कर सनातन धर्म एवं संस्कृति के साथ छेड़ छाड़ करने के विरोध में प्रदर्शन किया गया ।

पूरे मुद्दे पर क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री श्री अमित सिंह ने प्रकाश डाला और बताया कि क्रीड़ा भारतीएक अखिल भारतीय खेल संस्था है जिसका उद्देश्य खेल के विकास के साथ सामाजिक मुद्दे पर भी आवाज उठाना है ।

क्रीड़ा भारती के जिला उपाध्यक्ष श्री विजय प्रताप सनातन ने बताया कि इन दिनों ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर कुछ भी कंटेंट बनाया जा रहा है, जिनमें हिंसा, अश्लीलता, कामुकता और ड्रग्स का उपयोग दिखाया जाता है। इससे बढ़कर देशवासियों के धार्मिक भावनाओं को चोट पहुंचायी जाती है। तांडव में सिर्फ हिंदू देवताओं का अपमान नहीं किया गया है, बल्कि इसमें समाज के कमजोर वर्ग का उपहास बनाकर सामाजिक वैमनस्य फैलाने की कोशिश की गयी है।

क्रीड़ा भारती के जिला सह मंत्री श्री मनीष सिंह ने बताया कि भारत में हिन्दू बहुसंख्यक होने के बाद भी हिंदुओं को बदनाम करने का षड्यंत्र चल रहा है ऐसा क्यों क्योंकि हिंदू सहिष्णु हैं इसलिए आए दिन हिंदू देवी देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कुछ हास्य कवियों द्वारा फिल्म निर्माता द्वारा किया जाता है लेकिन सहिष्णु होने का यह अर्थ नहीं कि कोई भी जब चाहे जहां चाहे हमारे आराध्य देवी-देवताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां कर दे तांडव सीरीज में भी यही किया गया जो हमारे लिए असहनीय है हिंदू देवी देवताओं के विरुद्ध एक भी अभद्र टिप्पणी बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।

# श्रद्धांजलि सभा सह महाधरना का आयोजन

## कातिलों की गिरफ्तारी के लिए फूटा गुस्सा

(झारखण्ड देखो /प्रतिनिधि)



गिरिडीह : शहर के चर्चित रंजीत साव व मुस्कान पांडेय हत्याकांड में हत्यारों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है। कातिलों की गिरफ्तारी नहीं हो पाने के कारण स्वजनों समेत अन्य लोगों में काफी आक्रोश है। हत्यारों की गिरफ्तारी को ले आंदोलन जारी है। इसके बाद भी पुलिस रंजीत हत्याकांड के मुख्य आरोपित को दबोचने में पुलिस नाकाम साबित हो रही है। पुलिस की ओर से सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है। हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गिरिडीह के आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को शहर स्थित आंबेडकर चौक के पास श्री बजरंग कृपा संघ के बैनर तले श्रद्धांजलि सभा सह महाधरना का आयोजन किया। इस महाधरना में रंजीत एवं मुस्कान के स्वजनों समेत काफी संख्या में लोग शामिल हुए थे। साथ ही इस महाधरना में महिलाएं भी बढ़-चढ़ कर शामिल थी। कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे विभाकर पांडेय ने महाधरना के माध्यम से प्रशासन को आगाह करते हुए कहा कि रंजीत साव के हत्यारे की जहां एक माह बाद भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। वहीं मुस्कान पांडेय की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत की अब तक गुत्थी पुलिस नहीं सुलझा पाई है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही इन हत्याकांडों का पर्दाफाश करते हुए पुलिस हत्यारों को गिरफ्तार नहीं करती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। महाधरना प्रदर्शन के बाद बजरंग कृपा संघ के सदस्यों ने उपायुक्त से मिलकर जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस धरना के दौरान एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने विभाकर पांडेय से बात की और अपराधियों को गिरफ्तार करने का आवासन दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सुमित रंजन, अजय शर्मा, अजय राय, प्रमोद चौधरी, रंजीत सिन्हा, अजीत साव, बबलू सरकार, श्रवण केसरी, नरेश डालमिया, अवध पंडा, नवनीत सिंह, प्रकाश मंडल, राजू सिंह, विजय यादव, राजू दास, सुमित बसईवाला, वेणुगोपाल, रंजय चंद्रवंशी, प्रदीप राणा, सदानंद ठाकुर, चेतलाल साहू, अशोक पासवान, रवि साहू, दिनेश विश्वकर्मा, शैलेष, छोटू सिंह, गौतम विश्वकर्मा, समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में पाकुड़ ने इलेवन स्टार क्लब को हराया



(झारखण्ड देखो/ प्रतिनिधि)

**हिरणपुर(पाकुड़)।** हिहिड़ी पिपिड़ी क्लब के द्वारा मंगलवार को सिउलीडांगा मैदान में आयोजित फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में अस्सी दोलन पाकुड़ ने इलेवन स्टार टीम को एक गोल से हराया। खेल का शुभारंभ भाजपा अजजा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दानिएल किस्कु ने फुटबॉल को किक मारकर किया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में 16 टीम ने भाग लिया था। फाइनल में पहुँचे दोनो टीम के बीच जमकर संघर्ष हुआ व खेल ड्रा रहा। इसके बाद पेनल्टी शट में पाकुड़ ने जीत हासिल की। के बीच खेला गया इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष स्टेफन टुडू, सचिव बिजय टुडू, कोषाध्यक्ष सुनील टुडू, प्रधान जीतन टुडू, भाजपा ज़िला अध्यक्ष श्री बलराम दुबे, अमृत पाण्डे, कामेश्वर दास, मंडल कैलाश सिंह, असीम मंडल, जयंत मंडल, किस्तु सोरेन, अमीन सोरन जोगेन टुडू, नायका सोरन रामजी साहा, सुरेश तुरी, काजल मंडल, गोपाल मंडल, राहुल तिवारी, हरिदास टुडू, कालिदास टुडू, मानिक किस्कू, राम किस्कू, शिवलाल किस्कू, सिमन टुडू, प्रदीप साहा आदि उपस्थित थे।

# ब्रिटिश साम्राज्यवाद के काल से उपेक्षित हैं संताल परगना के पुरातात्विक महत्व के अनेक

# ऐतिहासिक स्थल



डॉ दिनेश नारायण वर्मा
इतिहासकार

सर्वेक्षण में प्राप्त तथ्यों के अनुसार गढ़ग्राम का पूरा क्षेत्र पक्की ईंटों से बनी ऊँची ऊँची दीवारों से घिरा हुआ था और इन दीवारों के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से बड़े बड़े तालाब बनाये गये थे। इसलिए अभी भी गढ़ग्राम और इसके चतुर्दिक कई बड़े बड़े तालाब हैं।



● **झारखण्ड देखो :**

झारखंड प्रदेश के संताल परगना प्रमंडल में पुरातात्विक महत्व के कई ऐतिहासिक स्थल हैं। इसके अन्तर्गत दुमका,गोड्डा,पाकुड़ और साहिबगंज आदि जिलों में ऐसे स्थलों की संख्या अधिक है। हालांकि पुरातात्विक महत्व के कई ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण हेतु भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग (ए.एस.आई.) द्वारा प्रयास किये गये हैं इसके बावजूद कई ऐसे पुरातात्विक स्थल हैं जो ब्रिटिश साम्राज्यवाद के काल से ही उपेक्षित हैं और नष्ट होने को हैं। इन उपेक्षित ऐतिहासिक स्थलों में साहिबगंज जिला अन्तर्गत बरहरवा प्रखंड में अवस्थित गढ़ग्राम भी शामिल है। इसके अलावा जीवाश्म,ऐतिहासिक महल, मूर्तियां,कला- कृतियां,भितिचित्र,चित्रलिपि आदि ऐतिहासिक धरोहरों से भी संताल परगना काफी समृद्ध है। इसकी जानकारी हमें कैप्टेन वाल्टर स्टैनहोप शेरविल के (1851) और थोमस ओलढ़म (1854) के राजमहल की पहाड़ियों पर लिखे विस्तृत नोट्स आदि से मिलती हैं जो एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल के जरनल में प्रकाशित हुए थे।ये नोट्स ऐतिहासिक और पुरातात्विक दृष्टि से ही नहीं बल्कि भूगर्भशास्त्रीय और पर्यावर्णीय अध्ययन के भी प्रामाणिक स्रोत हैं और क्षेत्र की प्राचीनता व इसके पुरावशेष के साक्ष्य से समृद्ध हैं।

गढ़ग्राम के सम्बन्ध में उल्लेखनीय यह है कि आर. एम.मार्टिन(1838) ,कैप्टेन डब्ल्यू.एस.शेरविल (1851),एल.एस.एस. ओ'मैली(1910/1938) ,सी.इ.ए. डब्ल्य ू.ओलढ़म (1930),फ्रांसिस बुकानन(1939),जॉन हुल्टन (1949),आर.आर. दिवाकर(1958), डी. आर.पाटील (1963),पी.सी.राय चौधरी(1965) आदि प्रख्यात लेखकों की रचनाओं में इसका उल्लेख नहीं है। झारखंड में ए.एस.आई. द्वारा चयनित पुरातात्विक स्थलों की सूचि में भी गढ़ग्राम शामिल नहीं है। यह भी उल्लेखनीय है कि ओलढ़म (1930) ने फ्रांसिस बुकानन की यात्रा विवरणी (1810-1811)की जानकारी दी है जिसमें राजमहल,फुदकीपुर, चमदी, बोरियो, गंगाप्रसाद,तेलियागढ़ी आदि का उल्लेख है,पर गढ़ग्राम का उल्लेख नहीं है।

सरकारी दस्तावेज में यह बड़ा गढ़ग्राम(पतना पंचायत) और छोटा गढ़ग्राम में (रतनपुर पंचायत) विभाजित है। पुरातात्विक दृष्टिकोण से छोटा गढ़ग्राम महत्वपूर्ण है क्योंकि इसमें राजा दिग्घी,रानी दिग्घी,सावन्त दिग्घी (सामन्त दिग्घी),चन्दन पोखर,नलकट पोखर (नीलकंठ पोखर) आदि अवस्थित हैं। इससे जुड़ी कई किवदन्तियों में इसके आसपास लगभग 150 तालाब होने का उल्लेख है। इसलिए गढ़ग्राम को तालाबों का ग्राम कहा जाता है। राजा दिग्घी विशेषरूप से उल्लेखनीय है जिसमें जल कभी खत्म नहीं होता,इसमें किटाणु अत्पन्न नहीं होते,इसका जल कभी सड़ता नहीं।मिनरल वाटर की तरह होने की वजह से इस गाँव के अलावा



निकटवर्ती गाँवों के लोग भी इसके जल को पेय जल के रूप में उपयोग करते हैं। इसका जल कभी गंदा नहीं होता। इस दिग्घी की गहराई की जानकारी किसी को नहीं है। ऐकॅडमिक फोरम के तत्वावधान व मेरे निर्देशन में 15 अक्टूबर 2017 को गढ़ग्राम का सर्वेक्षण किया गया जिसमें शोभा भगत , बबीता कुमारी,श्रवण कुमार,सतदल राय, प्रकाश मंडल,सन्दीप कुमार व विश्वास और विशाल कुमार कुशवाहा आदि शामिल थे। श्री भोलानाथ महतो(कुशवाहा टोला,बरहरवा) और विश्वजीत महतो (गढ़ग्राम) ने हमारा मार्ग दर्शन किया। इस उपेक्षित ऐतिहासिक स्थल से सम्बन्धित ऐतिहासिक तथ्यों को एकत्रित करने के लिए एकॅडमिक फोरम के सर्वेक्षण दल द्वारा कई बार गढ़ग्राम गढग्राम का सर्वेक्षण किया गया जिसमें कथित लोगों के अलावा प्रो.डा.बी.एन.हांसदा,संजय हांसदा, अजीत कुमार सरकार और कृष्णा घोष भी शामिल हुए। बाद में मेरे निर्देश पर विशाल कुमार कुशवाहा ने गढ़ग्राम का अकेले सर्वेक्षण किया जबकि प्रारम्भ से गढ़ग्राम के सर्वेक्षण की विडियोग्राफी की गई जिसमें श्रवण कुमार ने इस उपेक्षित ऐतिहासिक स्थल गढ़ग्राम की संक्षिप्त जानकारी दी। इनके सहयोग से गढ़ग्राम पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई । इसे तैयार करने में श्रवण कुमार,सन्दीप कुमार विश्वास और विशाल कुमार कुशवाहा आदि ने काफी परिश्रम किया। सरकारी दस्तावेजों से विशाल कुमार कुशवाहा इसके भौगोलिक नक्शे को प्राप्त करने में सफल हुए जिससे सर्वेक्षण के कार्य में सहुलियत हुई। मेरे निर्देशन में तैयार इस रिपोर्ट को भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद (नई दिल्ली) द्वारा प्रायोजित और इतिहास विभाग,कॉलेज ऑफ कॉमर्स,आर्टस एण्ड साइंस, पटना एवं इतिहास संकलन समिति, बिहार द्वारा ₹स्थानीय इतिहास एवं इतिहास लेखन₹ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी (17-18 नवम्बर 2019) में प्रस्तुत किया गया। इसे संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया जिसमें सर्वेक्षण में शामिल सदस्यों ने गढ़ग्राम के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी और बताया कि गढ़ग्राम एक उपेक्षित ऐतिहासिक स्थल है जिसके आसपास एक बहुत बड़े इलाके में पुरातात्विक महत्व के अवशेष बिखरे पड़े हैं। सम्भवतया मुस्लिम आक्रमणकिरयों द्वारा गढ़ग्राम के राजा-रानी के महलों,अन्य महलों,किलों, अन्य स्थानों आदि को ध्वस्त कर दिया गया जब उन्होंने इख्तियारुद्दीन मुहम्मद बिन बख्तियार खिलजी की अगुवाई में बिहार-बंगाल पर 12 शताब्दी के अन्तिम वर्षों में आक्रमण किया था।(ईश्वरी प्रसाद,ए शॉर्ट हिस्ट्री ऑफ मुस्लिम रूल इन इंडिया,दिल्ली,2016 और हिस्ट्री ऑफ मेडिएवल इंडिया,दिल्ली 2019, अवध बिहारी पाण्डेय,पूर्व मध्यकालीन भारत, इलाहाबाद,1987और ए.एल.श्रीवास्तव, दिल्ली, सल्तनत, आगरा,1998) इससे गढ़ग्राम का पूरा बडा इलाका खंडहरों में तब्दिल हो गया। ऐतिहासिक विवरणों में इसका उल्लेख तक नहीं है क्योंकि कथित आक्रमण के बाद के वर्षों में गढ़ग्राम के राजा या जमींदार के महल, किले आदि के ध्वस्त अवशेष भी लगभग नष्ट हो गये। हांलाकि कतिपय अवशेष अभी भी जहां तहां बिखरे पड़े हैं पर अधिकांश गायब हो गये हैं। सर्वेक्षण में प्राप्त तथ्यों के अनुसार गढ़ग्राम का पूरा क्षेत्र पक्की ईटों से बनी ऊँची ऊँची दीवारों से घिरा हुआ था और इन दीवारों के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से बड़े बड़े तालाब बनाये गये थे। इसलिए अभी भी गढ़ग्राम और इसके चतुर्दिक कई बड़े बड़े तालाब हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा इस क्षेत्र में बिखरे ईट,पत्थर,महल के खंडहर,कई जगह छोटी छोटी दीवारें,तालाब आदि व अन्य अवशेषों की जाँच-पड़ताल किये जाने की आवशयकता है। चूंकि क्रिसमश और नव वर्ष आदि के अवसर पर आसपास के गांव-शहरों से यहां काफी संख्या में पर्यटक आते हैं,इसलिए कथित राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रस्तुत किये गये आलेख में गढ़ग्राम को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की भी मांग की गई।

(लेखक सिदो कान्हू मुर्मू वि.वि. दुमका, झारखंड के सेवानिवृत इतिहास के शिक्षक हैं)





स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136)